आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03 ***फरवरी*** 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- बसंत पंचमी पर स्नान के लिये प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़। महाकुंभ प्रारम्भ होने से लेकर अब तक करीब पैंतीस करोड़ श्रद्धालु लगा चुके हैं आस्था की डुबकी।
- बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज तड़के से ही स्वयं ले रहे हैं पल–पल की जानकारी।
- महाकुंभ से जुड़ी एक याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय में आज होगी सुनवाई।
- मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव के लिये आज शाम थम जायेगा चुनाव प्रचार। मतदान पांच फरवरी को।
- अंडर नाइन्टीन महिला टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में लगातार दूसरी बार चैम्पियन बनी भारतीय टीम।

**********

बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आज प्रयागराज महाकुंभ में तीसरा अमृत स्नान प्रारम्भ हो चुका है। आज के अमृत स्नान को लेकर तेरह अखाड़ों में से प्रत्येक अखाड़े को उसका निर्धारित समय और क्रम बता दिया गया था। उधर, महाकुंभ में रात के दूसरे प्रहर से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं और यहां श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला भी लगातार बना हुआ है। आज सुबह आठ बजे तक बासठ लाख से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके थे। इसके साथ ही महाकुंभ में अब तक स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या करीब पैंतीस करोड़ हो चुकी है। बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर प्रयागराज महाकुंभ में हर्षोल्लास छाया हुआ है। एक रिपोर्ट–

***महाकुंभ मेले का तीसरा अमृत स्नान पर आज बसंत पंचमी है और इस मौके पर महाकुंभ मेला क्षेत्र के सभी स्नान घाटों पर देश के कोने कोने से आये हुए श्रद्धालुओं का हूजूम देखने को मिल रहा है। भोर से ही श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इस मौके पर महाकुंभ मेला क्षेत्र में पधारे देश के कोने कोने से अखाड़ों के साधू संतों ने अपना अमृत स्नान प्रारंभ कर दिया है पूरे हर्षोल्लास के साथ आज सबसे पहिले महानिर्वाणी अखाड़े ने पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाई। महत्वपूर्ण स्नान पर्व के चलते सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद कर दिया गया है। मेला क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल के साथ साथ शासन के सचिव स्तर के अधिकारियों को भी तैनाती कर दी गयी है साथ ही साथ मेला क्षेत्र में डायवर्जन प्लांट को भी शुरू कर दिया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पान्टुन पुलों को भी खोला गया है। जिससे श्रद्धालु सूचारू रूप से अवागमन कर रहें हैं। साथ ही साथ रेलवे और रोडवेज के साथ भी समन्वय स्थापित किया गया है। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी महाकुंभ प्रयागराज***

बसंत पंचमी से पहले प्रयागराज महाकुंभ में पहले दो अमृत स्नान चौदह जनवरी मकर संक्रांति और उन्तीस जनवरी मौनी अमावस्या को हुए थे।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये छः स्तरीय विशेष कार्ययोजना लागू की गयी है। संवेदनशील ग्यारह स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज तड़के साढ़े तीन बजे से ही लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास से प्रयागराज महाकुंभ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर सुरक्षा और सुविधाओं की लगातार जानकारी ले रहे हैं।

उधर, साधु–संतों ने प्रयागराज महाकुंभ में शासन–प्रशासन की तरफ से की गयी व्यवस्थाओं और सुरक्षा पर प्रसन्नता व्यक्त की है। जूना अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर अवधेशानन्द गिरि ने कहा है कि महाकुंभ को लेकर प्रदेस सरकार की तैयारियों ने वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति और सनातन परम्पराओं की भव्यता को दर्शाया है। इस बीच, बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर महाकुंभ में साधु–संतों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी करायी जा रही है।

**********

बसंत पंचमी के पावन पर्व पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती सभी को अपने आशीर्वाद से अभिसिंचित कर सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नये उत्साह का संचार करें।

**********

बसंत पंचमी के मद्देनजर रेलवे, प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से चार सौ महाकुंभ विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि रेलवे, बसंत पंचमी पर होने वाले अमृत स्नान के लिये, वैसी ही तैयारी कर रहा है जैसी मौनी अमावस्या पर की गई थी।

उधर, श्रद्धालुओं और पर्यटकों की घर वापसी के लिए अस्थाई बस स्टेशन पर पच्चीस सौ से अधिक रोडवेज बसें आरक्षित की गई हैं, जो हर पन्द्रह मिनट पर चलायी जा रही हैं, जबकि महाकुंभ क्षेत्र के नजदीकी स्थान के लिए पांच सौ पचास शटल बसों को भी लगाया गया है।

**********

महाकुंभ से जुड़ी एक याचिका पर आज सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। इसमें महाकुंभ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा–निर्देश और नियम लागू करने की मांग की गई है। महाकुंभ में पिछले सप्ताह बुधवार को हुए एक हादसे में तीस लोगों की मौत हो गयी थी जबकि साठ लोग घायल हो गये थे। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ इस जनहित याचिका की सुनवाई करेगी।

**********

अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए आज शाम चुनाव प्रचार थम जायेगा। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मिल्कीपुर उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान के पक्ष में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिससे सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, सपा को उससे पीड़ा होती है। उन्होंने सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में केवल सैफई का विकास होता था, लेकिन आज गोरखपुर और काशी से अधिक अयोध्या का विकास हुआ है।

***ये विकास विरोधी भी है लोग कल्याण विरोधी भी है उनकी दृष्टि सैफई के बाहर नहीं जाती है। इस सैफई के बाहर नहीं सोच सकते, जब सत्ता में आते है तो परिवार के लिए कार्य करते हैं। वोट मांगने के लिए जाति का सहारा लेते है और जब सत्ता में आते हैं। तो अपने परिवार का भरण पोषण करके सारे पद एक परिवार को दे दिए जाते हैं और इसलिए मिल्कीपुर का चुनाव भी आज राष्ट्रवाद बनाओ परिवारवाद का चुनाव बन कर रह गया है।***

चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी प्रत्याशी अजीत यादव के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव में मतदान पांच फरवरी को तथा मतगणना आठ फरवरी को होगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल विश्व वेटलैंड्स दिवस पर गोंडा के पार्वती अर्गा पक्षी विहार में वेटलैंड्स के संरक्षण को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने वेटलैंड्स के महत्व को बताते हुए कहा–

***जितनी भी प्राकृतिक झीले होती हैं यानी वेटलैंड्स होती है यह हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण केंद्र होता है यह भूजल संरक्षण के लिए सिंचाई और पेयजल की उपलब्धता बाढ़ और सूखे पर नियंत्रण, कार्बन भंडारण और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर वनस्पतियों, वन्य प्राणियों और प्रवासियों और स्थानीय पक्षियों के संरक्षण के साथ–साथ भोजन, औषधि और आजीविका के व आय के संसाधन उपलब्ध करवाने में यह वेटलैंड्स की एक बड़ी भूमिका है।***

कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी मौजूद रहे।

**********

भारत की बेटियों ने महिला क्रिकेट में अपना वर्चस्व कायम रखते हुए लगातार दूसरी बार अन्डर नाइन्टीन महिला टी–ट्वेंटी विश्व कप की ट्रॉफी जीत ली है। टी–ट्वेंटी विश्व चैम्पियनशिप में कल रात फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से पराजित किया। दक्षिण अफ्रीका की टीम को बयासी रनों पर समेटने के बाद भारतीय टीम ने महज एक विकेट के नुकसान पर चौरासी रन बनाये। तृशा ने चौवालीस रनों की शानदार पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट भी चुना गया।

**********

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड– सीबीडीटी के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने कहा है कि बजट में बारह लाख रुपये प्रति वर्ष तक की आय पर कर न लगाने की घोषणा और कर स्लैब में बदलाव से नब्बे प्रतिशत से अधिक व्यक्तिगत करदाताओं को नई कर व्यवस्था अपनाना चाहिए। संसद में बजट प्रस्तुत होने के बाद कल एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि सरकार कर व्यवस्था में किसी प्रकार की दखलंदाजी नहीं चाहती है।

**********